एक समर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में लखनऊ तथा प्रदेश के विकास में उनका विशेष योगदान रहा। कॉमर्स एवं बैंकिंग क्षेत्र में उनकी गहरी रुचि थी। वे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक भी रहे थे। वे अन्नपूर्णा ट्रस्ट धर्मशाला, श्री कोणेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट, श्री लालजी टण्डन फाउन्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष, कालीचरण पी0जी0 कॉलेज के ट्रस्टी के रूप में, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों से भी जुड़े रहे। श्री आशुतोष टण्डन जी के निधन से प्रदेश ने एक समर्पित नेता एवं कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है। उनके निधन से प्रदेश एवं पार्टी की अपूर्णनीय क्षति हुई है। मैं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि हम सब की ओर से दुःखी परिजनों के प्रति, हमारी संवेदना को पहुंचाने की कृपा करें। महोदय, इसके साथ ही इस सदन के पूर्व मा0 सदस्यों को जिनकी संख्या 9 है, उन सभी के प्रति भी मैं सदन की ओर से और अपनी पार्टी की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

***नेता विरोधी दल (श्री अखिलेश यादव)-**

धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मा0 अध्यक्ष महोदय इस सदन के हमारे वरिष्ठ साथी श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का दिनांक 09 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया है। हम सब उनके इस आकस्मिक निधन से दुःखी हैं, श्री आशुतोष टण्डन जी तीसरी बार इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह पहली बार वर्ष 2014 के उप चुनाव में निर्वाचित हुए, उसके बाद वह 17वीं, 18वीं विधान सभा के लिए लगातार निर्वाचित हुए। वे विधान सभा की कई समितियों

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

के सदस्य भी रहे और सरकार में मंत्री रहकर के भी उन्होंने विभाग को चलाने का बहुत अच्छा काम किया। मा0 अध्यक्ष महोदय, जैसा हम सबको विदित है, उनके पिता श्री लालजी टण्डन इस सदन के वरिष्ठ सदस्य, विभिन्न सरकारों में मंत्री, कई प्रदेशों के राज्यपाल रहे। स्वर्गीय लालजी टण्डन जी की न केवल राजनीतिक विरासत को उनके द्वारा संभाला गया, बल्कि उनके व्यक्तित्व की छवि भी उनमें देखने को मिलती थी। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' एक अत्यन्त मिलनसार, मृदुभाषी और एक सरल व्यक्तित्व के नेता के रूप में लखनऊ की जनता में बहुत ही लोकप्रिय थे। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' एक व्यवहार कुशल एवं समर्पित जननेता थे। अपने क्षेत्र के विकास कार्य तथा समाज के वंचित एवं गरीब वर्गों के उत्थान के लिए वह सदा प्रयत्नशील रहे। सेवा भाव के कारण उनके क्षेत्र में उनकी छवि एक लोकप्रिय नेता की भी थी। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' के निधन से प्रदेश ने एक युवा नेता एवं कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है। उनके निधन से समाज की अपूर्णनीय क्षति हुयी है, मैं उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए, उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, इसके साथ-साथ हमारे सदन के कई सदस्य आज हमारे बीच में नहीं हैं। 09 भूतपूर्व सदस्यों का निधन भी हुआ है। जिसमें श्री खालिद गौरी, श्री कृष्ण किंकर सिंह, श्री रामपाल यादव, श्री नरेश चन्द्र, श्री जगवीर सिंह, श्री गनपत सिंह, डा0 दिनेश जौहरी, श्री अनिल कुमार दोहरे, श्री महावीर सिंह राणा हैं। अध्यक्ष महोदय, इनमें से कई मा0 सदस्य ऐसे हैं, जिनके साथ हम लोगों को काम करने का मौका मिला है, समय-समय पर उनके बीच में हम राजनीति के कई कार्यक्रमों में शामिल रहे हैं। उनके जाने के बाद हम सब दुःखी हैं और मैं श्री अनिल दोहरे जी के बारे में कहना चाहता हूं। हमारे कन्नौज विधान सभा क्षेत्र के वह विधायक थे और जब शुरुआत मैंने राजनीति से की थी, उस समय से वह लगातार हमारे साथ रहे।

मा0 अध्यक्ष महोदय, जब हम लोग राजनीति में रहते हैं, तो अपनी बीमारी को भी छिपा जाते हैं। मुझे बाद में जानकारी हुई कि चुनाव के दौरान उन्हें इस बात का आभास हुआ कि उनके अन्दर कोई गम्भीर बीमारी है, चेकअप कराने के बाद भी डाक्टर्स की सलाह नहीं मानें और उस बीमारी के डिटेक्ट होने के लगभग 40 दिन बाद वे हमारे बीच नहीं रहे। अध्यक्ष महोदय, उन्होंने इलाज न केवल यहाँ के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में कराया, बल्कि देश के सबसे प्रतिष्ठित प्रीमियर इन्स्टीट्यूशन मेदान्ता, गुड़गाँव में भी इलाज कराया और मैं उनके परिवार के लोगों के लगातार सम्पर्क में रहा। उनके परिवार के लोग उस अस्पताल से सन्तुष्ट नहीं थे, तो वे विधायक जी को पी0जी0आई0 में ले आए। मैं उनको पी0जी0आई0 में खुद देखने गया और मैनें देखा कि उनका इलाज बहुत अच्छा चल रहा है, लेकिन उसके बाद भी विधायक जी को नहीं बचाया जा सका। मा0 अध्यक्ष महोदय, मैं ये बात इसलिए बता रहा हूँ कि कई महत्वपूर्ण

लोगों की कैंसर जैसी बीमारी ने जान ले ली है। हम लोग राजनीति में रहते हैं, हमें कार्य करना है, समाज में हमारी छवि क्या है, व्यस्तता के कारण इस बीमारी को भी छिपाते हैं और कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी से न जाने कितने महत्वपूर्ण लोगों की जान चली गयी।

अध्यक्ष महोदय, मुझे याद आता है कि समाजवादी पार्टी का एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता, जिम्मेदार नेता को कैंसर की बीमारी हुई, उसका एम्स में इलाज हुआ। एम्स के सबसे बड़े डाक्टर्स ने उसको ऑपरेट किया, लेकिन उसके कुछ समय बाद फिर वह कैंसर जनरेट हो गया। दुनिया की सबसे बड़ी जगह स्लोन हॉस्पिटल, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च हुए, लेकिन उसके बाद भी हम लोग उनको नहीं बचा पाये। वह अगर कुछ दिन और जिन्दा रहते, तो शायद उस बीमारी के ऑपरेट होने के बाद वह दुनिया के पहले पेशेन्ट बनते, जो इतने दिनों तक जी पाते। अध्यक्ष महोदय, मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि यह गम्भीर बीमारी लगातार बढ़ती जा रही है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से नेता सदन की भावना को समझते हुए, जो उन्होंने व्यक्त की है, कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी के लिए, क्योंकि उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा प्रदेश है। यहाँ 24 करोड़ लोग हैं और अगर डेटा हम निकालेंगे और डेटा पर जाएंगे, तो यह पाएंगे कि यह गम्भीर बीमारी लगातार बढ़ती जा रही है। 40 दिन के अन्दर हमने श्री अनिल दोहरे को खोया और बहुत सारे लोगों को हम लोग खोते हैं, कम से कम सरकार इस पर ध्यान दे और जो इंस्टीट्यूट चल रहे हैं, उन इंस्टीट्यूट को और कैसे मजबूत करें, जिससे हमारे बीच का कोई व्यक्ति इस गम्भीर बीमारी से अगर पीड़ित हो, तो उसको अच्छा इलाज मिल सके। मैं आपके माध्यम से इनके प्रति संवेदना प्रकट करता हूँ। मैं अपनी तथा अपनी पार्टी की तरफ से और सभी दलों के नेताओं की तरफ से इन सभी विधायकों को याद करता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

नेता अपना दल (एस) श्री राम निवास वर्मा जी।

***श्री राम निवास वर्मा-**

आदरणीय अध्यक्ष जी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व लखनऊ से भाजपा विधायक श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का लम्बी बीमारी के बाद 63 वर्ष की आयु में 09 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया। गोपाल जी के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। टण्डन जी का जन्म 12 मई, 1960 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ था। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यपाल मा0 लालजी टण्डन जी के वह पुत्र थे। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। टण्डन जी, 16वीं विधान सभा के उप चुनाव में

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए और दूसरी बार 17वीं विधान के सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर टण्डन जी ने मा0 योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा व चिकित्सा शिक्षा, नगर विकास जैसे विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन किया और तीसरी बार 18वीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। टण्डन जी समाज के सभी वर्गों में बहुत ही लोकप्रिय रहे और आजीवन समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए संघर्षरत् रहे।

श्री आशुतोष टण्डन जी के निधन से प्रदेश और समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है। एक जनप्रिय, कर्मठ व जुझारू राजनेता के रूप में वह सदैव याद किये जायेंगे। मैं अपनी व अपनी पार्टी तथा इस सदन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। अध्यक्ष जी, मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरी शोक-संवेदना शोकाकुल परिवार तक पहुँचाने की कृपा करें।

***श्री राजपाल सिंह बालियान-**

माननीय अध्यक्ष जी यह अत्यन्त दुःख का विषय है कि वर्तमान विधान सभा के माननीय सदस्य श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का 09 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया। उनका जन्म 12 मई, 1960 को लखनऊ में हुआ था। राजनीतिक और संसदीय क्षेत्र में काफी अनुभव था। उनको राजनीति की प्ररेणा अपने पिता स्व0 लालजी टण्डन जी से मिली जो कि प्रदेश व देश के एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ थे। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' वर्ष 2014 के उपचुनाव में तथा 2017 तथा 2022 के सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व, जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे वर्ष 2017 से 2022 तक योगी आदित्यनाथ मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा तथा नगर विकास मंत्री रहे थे। वे पूर्व में कई महत्वपूर्ण समितियों के सदस्य रहे। श्री आशुतोष टण्डन जी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। आज पूरा सदन शोकाकुल है। मैं अपनी और अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनकी दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा उनके शोकाकुल परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

हमारे इसी सदन के 09 पूर्व सदस्यों का भी निधन हुआ है। मैं उन सभी पूर्व माननीय सदस्यों को भी अपनी तथा अपनी पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि वह दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

परिवारों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति दें। माननीय अध्यक्ष जी, मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरी शोक-संवेदनाएँ शोकाकुल परिवारों तक पहुँचाने की कृपा करें।

श्री अनिल कुमार त्रिपाठी-

माननीय अध्यक्ष जी, हमारे अट्ठारहवीं विधान सभा के बहुत ही महत्वपूर्ण सदस्य जो जीवन पर्यन्त जनसेवा और राजनीतिक क्षेत्र में लगे रहे, उनका असामयिक निधन हो गया। यह हम सबके लिए बहुत दुःख का विषय है। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' लखनऊ पूर्व से विधायक तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री रहे हैं। उनका मात्र 63 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। उनका निधन पूरे समाज व प्रदेश के लिए बहुत ही दुःखद रहा।

आदरणीय आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का जन्म 12 मई, 1960 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से कला स्नातक की डिग्री के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त की थी।

माननीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2014 में पहली बार उप चुनाव में वह इस सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे और फिर 17वीं, 18वीं विधान सभा के लगातार सदस्य रहे थे। श्री योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं नगर विकास जैसे विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वाह किया। उनका एक बहुत ही समृद्ध राजनीतिक परिवार रहा है। हम सभी जानते हैं कि पूर्व मंत्री, कई प्रदेशों के राज्यपाल रहे आदरणीय लालजी टण्डन जी के परिवार में उन्होंने जन्म लिया और टण्डन जी की समृद्ध राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। मैं आज उनके लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोक संतप्त परिवार को ऐसा दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के 09 पूर्व विधायकगण आज हमारे बीच में नहीं हैं। श्री खालिद गौरी जी हरदोई से, श्री कृष्ण किंकर सिंह जी बस्ती से, श्री रामपाल यादव जी सीतापुर से, श्री नरेश चन्द्र जी लखीमपुर खीरी से, श्री जगवीर सिंह जी अलीगढ़ से, श्री गनपत सिंह जी महाराजगंज से, डॉ0 दिनेश चौधरी जी बरेली से, श्री अनिल कुमार दोहरे जी कन्नौज से, श्री महावीर सिंह राणा जी सहारनपुर से इन हमारे 09 पूर्व सदस्यों की भी मृत्यु हुई है, उनके लिए भी मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें सद्गति प्रदान करें।

मैं आपके माध्यम से यह शोक संवेदना उन सभी परिवारों तक पहुंचाने की प्रार्थना करता हूं और अपने तथा अपने दल निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल की तरफ से अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की तरफ से शोक संवेदना प्रकट करता हूं। इसमें श्री गनपत सिंह जी जो हमारे गोरखपुर के बगल में पनियरा विधान सभा क्षेत्र है। पनियरा से वह एक बार निर्दल चुनाव जीते और दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी की ओर से चुनाव जीते। श्री गनपत

सिंह जी जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति थे। उन्होंने गरीबी को देखा था। बहुत संघर्ष करके उन्होंने जनसेवा के माध्यम से राजनीति में सफलता पायी थी और गौरवशाली इतिहास का निर्माण किया था। ऐसे मा0 गनपत सिंह जी के प्रति मैं विशेष रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपके माध्यम से उनके शोक संतप्त परिवार को श्रद्धांजलि प्रेषित करता हूं। मैं आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवार तक हमारे दल की ओर से शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें।

***श्री ओम प्रकाश राजभर-**

माननीय अध्यक्ष जी, श्री आशुतोष टण्डन जी जो हमारे और आपके बीच में नहीं हैं, उनका निधन 09 नवम्बर, 2023 को हो गया है। उनका जन्म 12 मई, 1960 को हुआ था। उनका जन्म स्थान लखनऊ, उनकी शिक्षा स्नातक है और उनका निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व, जिला लखनऊ है। वह भारतीय जनता पार्टी से तीन बार विधान सभा के सदस्य रहे हैं। पहली बार वर्ष 2014 में 16वीं विधान सभा के उपचुनाव में सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2017 में 17वीं विधान सभा के सदस्य दूसरी बार निर्वाचित हुए और मा0 योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं नगर विकास मंत्री रहे। वर्ष 2022 में 18वीं विधान सभा के तीसरी बार सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह आज हमारे और आपके बीच में नहीं हैं। हम अपनी और अपनी पार्टी की ओर से, पूरे सदन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

हमारे भूतपूर्व 09 सदस्य जो हमारे और आपके बीच में नहीं हैं, उनका निधन हो गया है, उनके लिए भी हम अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से, पूरे सदन की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और आपसे निवेदन करते हैं कि उनके शोक संतप्त परिवार को शोक संवेदना भेजने की कृपा करें।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

माननीय अध्यक्ष जी, मैं कांग्रेस पार्टी और अपनी ओर से लखनऊ पूर्वी विधान सभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे स्वर्गीय आशुतोष टण्डन जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। श्री आशुतोष टण्डन जी का निधन हम सबके लिए अत्यन्त दुःखद और अपूर्णनीय क्षति है। श्री आशुतोष गोपाल टण्डन जी का जन्म 12 मई 1960 में हुआ था और 09 नवम्बर, 2023 में उन्होंने अन्तिम सांस ली एक लम्बी बीमारी के बाद। उनका सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन लखनऊ और प्रदेशवासियों की सेवा को समर्पित रहा। उनकी जन्म भूमि और कर्मभूमि दोनों ही लखनऊ रही है। इसलिए लखनऊ वासियों के हृदय में उनके लिए हमेशा से

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

विशेष स्थान रहा है और अपने सरल व सौम्य व्यक्तित्व, मधुभाषी एवं सादगी के कारण भी आमजन में उन्हें खास लोकप्रियता रही इसलिए लोग उन्हें प्यार से 'गोपाल जी' भी कहते थे। उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की। साल 2001 से 2006 तक उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया में डायरेक्टर के पद पर काम भी किया।

जनसेवा और राजनीति में आने की प्रेरणा उन्हें अपने पिता आदरणीय लालजी टण्डन जी से मिली। सभासद से राज्यपाल के पद तक का सफर तय करने वाले बाबू जी टण्डन जी ने राजनीतिक गुण उन्हें सिखाए और पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए प्रदेश की राजनीति में उन्होंने अपनी एक अमिट छाप छोड़ी। टण्डन जी के व्यक्तित्व में उनके पिता की ही छवि थी। श्री आशुतोष टण्डन जी के पिता स्वर्गीय लालजी टण्डन जी भी उत्तर प्रदेश के एक प्रभावशाली दिग्गज राजनेता रहे व एम0पी0 और बिहार के पूर्व राज्यपाल भी रहे, पिता की ही तरह लगातार तीन बार श्री आशुतोष जी भी विधायक रहे, 2014 में भाजपा के टिकट पर लखनऊ पूर्वी सीट पर हुए उप चुनाव में जीत कर विधान सभा पहुंचे, 2017 में दोबारा जीते और 2022 में हम सब के साथ जीत कर इस सदन के सदस्य बने। श्री आशुतोष टण्डन जी, नगर विकास और चिकित्सा शिक्षा मंत्री भी रहे। एक जनप्रिय, कर्मठ, व्यक्तिनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ, जुझारू, व ऊर्जावान राजनेता के रूप में सदैव उनकी यादें हमारे बीच में रहेंगी। लखनऊ और प्रदेश के विकास के लिए उनका अतुलनीय योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। साथ ही हमारे 09 भूतपूर्व सदस्य जो अब हमारे बीच में नही रहे हैं, श्री खालिद गौरी जी, श्री कृष्ण किंकर सिंह जी, श्री रामपाल यादव जी, श्री नरेश चन्द्र जी, श्री जगवीर सिंह जी, श्री गनपत सिंह जी, डा0 दिनेश जौहरी जी, श्री अनिल कुमार दोहरे जी, श्री महावीर सिंह राणा जी, मैं इन सभी के प्रति अपनी ओर से और अपने दल की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। आपसे यही प्रार्थना है कि शोकाकुल परिजनों तक हमारी गहरी संवेदना पहुँचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक श्री रघुराज प्रताप सिंह जी।

(सदस्य श्री रघुराज प्रताप सिंह के अनुपस्थित रहने पर)

***श्री विनोद सरोज-**

मान्यवर, श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का लम्बी बीमारी के कारण लगभग 63 वर्ष के आयु में 9 नवम्बर, 2023 को निधन हो गया। श्री गोपाल जी के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। श्री टण्डन जी का जन्म 12 मई, 1960 को उत्तर प्रदेश की राजधानी

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

लखनऊ में हुआ था। वह भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल आदरणीय श्री लालजी टण्डन जी के पुत्र थे। उन्होंने 1980 में लखनऊ विश्वविद्यालय से कला स्नातक की डिग्री के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की थी। श्री टण्डन जी सोलहवीं विधान सभा के उपचुनाव में प्रथम बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। दूसरी बार सत्रहवीं विधान सभा में विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर श्री योगी आदित्यनाथ जी के मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा तथा नगर विकास जैसे विभिन्न विभागों के मंत्री के रूप में अपने दायित्वों का प्रसन्नतापूर्वक निर्वहन किया था तथा तीसरी बार अट्ठारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री टण्डन जी समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा संघर्षरत् रहते थे और आजीवन अन्तिम सांस तक समाज की सेवा करते रहे। श्री आशुतोष टण्डन जी के निधन से प्रदेश एवं समाज की अपूर्णनीय क्षति हुई है एक जनप्रिय, कर्मठ, जुझारू राजनेता के रूप में वह सदैव याद किये जाएंगे। मैं अपनी तथा अपने दल की ओर से उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उस दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

श्री अध्यक्ष-

मा0 नेता बहुजन समाज पार्टी श्री उमाशंकर जी।

श्री उमाशंकर सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, मैं नेता सदन, नेता विरोधी दल एवं अन्य सभी दलीय नेताओं से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। निश्चित रूप से हम सबके लिये यह बहुत बड़े दुःख का समय है। हम लोगों के साथ के विधायक जो पिछले दिनों इस सदन में हम लोगों का हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन आज हम लोग उनके बिना बैठे हैं। उनकी लोकप्रियता और सहनशीलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि वर्ष 2014 में जब वह भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे, उस समय उप चुनाव था और समाजवादी पार्टी की सरकार थी फिर भी उन्होंने उप चुनाव जीता था। उनके बारे में और उनकी लोकप्रियता के बारे में इससे अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता है। माननीय अध्यक्ष जी, जब वह मंत्री थे तो हम लोग विपक्ष में रहकर उनसे तमाम सवाल-जवाब भी करते थे, लेकिन उनके जवाब में कभी भी उत्तेजना अथवा किसी भी तरह का कोई कटु वाक्य हम लोगों को कभी सुनने का नहीं मिला। हम लोगों ने यह भी देखा कि वह कितने सरल स्वभाव के थे, लेकिन आज वह हम सबके बीच में नहीं हैं इसका हम सभी को बहुत दुःख है। मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा और आपसे आग्रह करूंगा कि आप हमारी शोक-संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। मैं भगवान से प्रार्थना

करूंगा कि इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार तथा उनके चाहने वाले लोगों को इस दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

माननीय अध्यक्ष जी, इसी तरह से हमारे अन्य 09 पूर्व विधायक स्व0 श्री खालिद गौरी जी, स्व0 श्री कृष्ण किंकर सिंह जी, स्व0 श्री रामपाल यादव जी, स्व0 श्री नरेश चन्द्र जी, स्व0 श्री जगवीर सिंह जी, स्व0 श्री गनपत सिंह जी, स्व0 डा0 दिनेश जौहरी, स्व0 श्री अनिल कुमार दोहरे जी एवं स्व0 श्री महावीर सिंह राणा जी, जो कभी इस सदन का हिस्सा हुआ करते थे, लेकिन वह आज हम सबके बीच में नहीं हैं। मैं इन सभी लोगों के प्रति भी अपना दुःख एवं शोक-संवेदना व्यक्त करता हूं और आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि इन सभी शोकाकुल परिवारों तक हमारी शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष और सभी दलों के माननीय नेताओं ने आज दिवंगत आत्माओं के प्रति जो शोक संवेदना व्यक्त की है, मैं उनसे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि मेरी शोक-संवेदना इन तमाम दिवंगत आत्माओं के परिवारों तक भिजवा दें। हम प्रार्थना-करते हैं कि ईश्वर इनके परिवारों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा के सम्मानित सदस्य श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' का निधन 09 नवम्बर, 2023 को हो गया। श्री गोपाल टण्डन जी एक आदर्श विधायक थे, एक विनम्र व्यक्तित्व के प्रतीक थे। समाजसेवा जिनके जीवन का एक अभिन्न अंग था तथा अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिये जो सदैव तत्पर रहते थे। शीलता और विनम्रता जिनका एक स्वभाव भी था और उनकी पहचान भी थी। एक राजनीतिक परिवार में जन्म लेने के बाद उन ऊंचाइयों पर जिन ऊंचाइयों पर उनके पूज्य पिता स्व0 श्री लालजी टण्डन जी रहे, वह रहे। भारतीय जनता पार्टी तथा संघ विचारधारा के प्रति वह पूर्ण रूप से समर्पित रहे। आवभगत और हॉस्पिटैलिटी जिनके स्वभाव में थी। कोई भी व्यक्ति, उनके परिवार का हो या बाहर का हो उनके परिचित हो या न हो अगर वह श्रद्धेय टण्डन जी के घर आ गया तो वह बिना आवभगत और स्वागत के जाता नहीं था। पेशन्स उनके रग-रग में था। कई अवसरों के ऊपर श्रद्धेय श्री लालजी टण्डन जी मिनिस्टर रहे, जैसे मैंने कहा कि बहुत महत्वपूर्ण पदों के ऊपर रहे, लेकिन उनके परिवार ने और विशेष रूप से श्री 'गोपाल जी' में कभी भी अहंकार या 'मैं' उतर कर नहीं आया कि मैं बहुत बड़े परिवार का बच्चा हूं। माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी

आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उनके साथ वह विभिन्न विभागों में मिनिस्टर रहे, चिकित्सा स्वास्थ्य के हों या फिर नगर विकास के हों, कोई भी सम्मानित सदस्य उनके पास गया हो तो उन्होंने पूरे आदर और सम्मान के साथ उनका काम किया। मेरा श्री आशुतोष टण्डन जी से एकदम भाई जैसा सम्बन्ध था। 1991 में जब मैं पहली बार विधान सभा में जीत कर आया तो श्रद्धेय लालजी टण्डन जी का स्नेह वात्सल्य मुझे पुत्रवत् मिला। इस नाते से मैं कभी-कभी मनोविनोद में गोपाल जी से कहा करता था कि हम भी आपके भाई हैं, आप पुत्र हैं तो मैं भी दत्तक पुत्र हूं। एक ऐसे परिवार का एक ऐसा सदस्य हम सबके बीच से चला गया है जिसने हर सम्बन्धों को बखूबी निभाया है।

परिवार को एक साथ लेकर कैसे चला जा सकता है यह उनसे कोई सीख सकता था, बेटी के प्रति कैसे स्नेह और वात्सल्य हो सकता है, यह उनसे सीखा जा सकता था, एक माता-पिता का कैसे आदर्श पुत्र हो सकता है यह उनसे सीखा जा सकता था। विगत कुछ वर्षों से लगभग जबसे श्रद्धेय लालजी टण्डन जी की तबियत ठीक नहीं थी तबसे गोपाल जी का भी स्वास्थ्य ठीक नहीं था, लेकिन उनकी इच्छाशक्ति और समाज के लिये काम करने का स्वभाव, नगर विकास मंत्री होने के बाद भी वह कभी-कभी कहते थे कि लोग उनसे अपेक्षा करते हैं कि वह श्रद्धेय लालजी टण्डन जैसे बने, वैसे बनने का प्रयास करें। मिनिस्टर होने के बाद भी कभी-कभी मेरे पास आते थे और कहते थे कि मंत्री होने के नाते आपने बाबू जी के साथ काम किया है, आप मुझे बतायें कि उनके जैसा कैसे बना जाए। उनको कुछ नया सीखने में रुचि थी, उनको कभी भी इस बात का बड़प्पन नहीं हुआ कि मैं बड़ा हूं तो किसी से कुछ सीख नहीं सकता हूं। श्री आशुतोष टण्डन जी के न रहने पर भारतीय जनता पार्टी ने एक आदर्श कार्यकर्ता, लखनऊ में उनकी विधान सभा, लखनऊ वासियों ने एक अच्छा जनप्रतिनिधि और इस विधान सभा के सभी सम्मानित सदस्यों ने अपना साथी और मित्र खोया है। श्री आशुतोष टण्डन जी के न रहने पर जो रिक्तिता है उसको भर पाना कठिन होगा। श्री आशुतोष टण्डन जी का जन्म 12 मई, 1960 को लखनऊ में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' वर्ष 2014 के उप चुनाव में, 2017 तथा 2022 के सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ पूर्व से जिला लखनऊ से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' वर्ष 2017 से 2022 तक श्री योगी आदित्यनाथ मंत्रि-मण्डल में प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा तथा नगर विकास मंत्री रहे। वे पूर्व में विधान सभा की नियम समिति, प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति तथा वर्तमान में विशेषाधिकार समिति के सदस्य थे। वे यूनियन बैंक आफ इण्डिया के डायरेक्टर रहे तथा शिव अन्नपूर्णा ट्रस्ट धर्मशाला, श्री कोनेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट तथा लालजी टण्डन फाउन्डेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के ट्रस्टी भी थे। समाज सेवा एवं राजनीति में उनकी विशेष रुचि थी। श्री आशुतोष टण्डन 'गोपाल जी' के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री खालिद गौरी का 25 अप्रैल, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 74 वर्ष के थे। श्री खालिद गौरी का जन्म 01 दिसम्बर, 1947 को जिला हरदोई में हुआ था। इन्होंने बी0ए0, एल0एल0बी0 तथा डी0पी0ए0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री खालिद गौरी वर्ष 1991 के मध्यावधि चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र पिहानी, जिला हरदोई से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री खालिद गौरी ने विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत गिरफ्तारी दी तथा एक दिन बन्दी भी रहे थे। वे जिला युवक कांग्रेस, हरदोई के अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, हरदोई के जिला प्रशिक्षक तथा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री भी रहे थे। समाज सेवा तथा निर्बल वर्ग के लोगों की सहायता करने में उनकी विशेष रुचि थी। श्री खालिद गौरी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री कृष्ण किंकर सिंह का 19 अगस्त, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 72 वर्ष के थे। श्री कृष्ण किंकर सिंह का जन्म 06 दिसम्बर, 1951 को ग्राम बेलाड़ी रानीपुर, जिला बस्ती में हुआ था। उन्होंने बी0ए0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री कृष्ण किंकर सिंह वर्ष 1989 व 1991 में निर्वाचन क्षेत्र कप्तानगंज, जिला बस्ती से निर्दलीय सदस्य के रूप में विधान सभा के लिये निर्वाचित हुए थे। श्री कृष्ण किंकर सिंह बहादुरपुर के क्षेत्र प्रमुख, नारायण महाविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष, किसान इण्टर कालेज, नरहा के प्रबन्धक, जिला ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष तथा जिला पंचायत, बस्ती के अध्यक्ष भी रहे थे। असहाय एवं गरीबों के हित के लिये कार्य करने में उनकी विशेष रुचि थी। श्री कृष्ण किंकर सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रामपाल यादव का 28 अगस्त, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। श्री रामपाल यादव का जन्म 02 फरवरी, 1964 को ग्राम भानपुर, जिला सीतापुर में हुआ था। उन्होंने स्नातक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री रामपाल यादव वर्ष 2002 एवं 2012 में निर्वाचन क्षेत्र बिसवां, जिला सीतापुर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री रामपाल यादव उत्तर प्रदेश विधान सभा की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वे ग्रामीण ग्रामोद्योग विकास संस्थान, बिसवां तथा डा0 राम मनोहर लोहिया शिक्षण संस्थान, सीतापुर के अध्यक्ष भी रहे थे। समाज सेवा तथा अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री रामपाल यादव के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री नरेश चन्द्र का 01 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 84 वर्ष के थे। श्री नरेश चन्द्र का जन्म 01 जनवरी, 1940 को जिला लखीमपुर खीरी में हुआ था। उन्होंने बी0ए0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी।

श्री नरेश चन्द्र वर्ष 1977 में निर्वाचन क्षेत्र लखीमपुर, जिला खीरी से जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। राजनीति एवं सामाजिक जीवन में श्री नरेश चन्द्र लखीमपुर खीरी के नगर जनसंघ पार्टी के महामंत्री रहे थे। वे अनेक सामाजिक एवं शैक्षिक संस्थाओं से सम्बद्ध रहे तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की समितियों के सदस्य रहे थे। वे विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत कारागार में बन्दी भी रहे थे। महापुरुषों की जीवनी पढ़ना एवं पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री नरेश चन्द्र के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री जगवीर सिंह का 14 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 83 वर्ष के थे। श्री जगवीर सिंह का जन्म 10 दिसम्बर, 1940 को पलसेड़ा, तहसील खैर, जिला अलीगढ़ में हुआ था। उन्होंने हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री जगवीर सिंह वर्ष 1985 में लोकदल व वर्ष 1989 और 1993 में जनता दल से निर्वाचन क्षेत्र खैर जिला अलीगढ़ से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए। श्री जगवीर सिंह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत जिला कारागार अलीगढ़ में बन्दी रहे और वह अलीगढ़ की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के सदस्य भी रहे राजनीतिक, समाजसेवा और अध्ययन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री जगवीर सिंह के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री गनपत सिंह का 19 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया वह लगभग 74 वर्ष के थे। श्री गनपत सिंह का जन्म 15 दिसम्बर, 1949 को टिघरा, पीपीगंज, जिला गोरखपुर में हुआ था। उन्होंने एम0ए0 तक शिक्षा ग्रहण की थी। श्री गनपत सिंह वर्ष 1989 में निर्दलीय तथा 1993 में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र पनियारा, जिला महाराजगंज से विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री गनपत सिंह विभिन्न आन्दोलनों के अन्तर्गत गोरखपुर, लखनऊ, तिहाड़ तथा दिल्ली कारागारों में बन्दी रहे थे। वे विधान सभा की प्रश्न एवं सन्दर्भ समिति के सदस्य रहे थे। वे गोरखपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ के महामंत्री तथा सेन्ट एण्ड्रूज डिग्री कालेज के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रहे थे। श्री गनपत सिंह समाजवादी युवजन सभा के संयुक्त मंत्री तथा युवा जनता दल के महामंत्री भी रहे थे। सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी तथा खेल उन्हें प्रिय थे। श्री गनपत सिंह के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य डा0 दिनेश जौहरी का 22 सितम्बर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 83 वर्ष के थे। डा0 दिनेश जौहरी का जन्म 03 अप्रैल, 1941 को जिला झांसी में हुआ था। उन्होंने स्नातक व एम0बी0बी0एस0 की शिक्षा ग्रहण की थी। डा0 दिनेश जौहरी वर्ष 1985, 1989 व 1991 में निर्वाचन क्षेत्र बरेली सिटी, जिला बरेली से

भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। डा0 दिनेश जौहरी, श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे थे। वे विधान सभा में कार्य-मंत्रणा समिति सहित विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे थे एवं विभिन्न आन्दोलनों के तहत् जिला कारागार, बरेली तथा लखनऊ में बन्दी रहे थे। डा0 दिनेश जौहरी को समाज सेवा के लिये एम्सटरडम में जेसीज अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में गोल्डन स्टेट कैलिफोर्निया एवार्ड से सम्मानित किया गया। वे बरेली लायन्स क्लब तथा बरेली इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रदेश इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भी रहे थे। समाजसेवा, फोटोग्राफी तथा स्टेज एक्टिंग में उनकी विशेष रुचि थी। डा0 दिनेश जौहरी के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री अनिल कुमार दोहरे का 5 अक्टूबर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। श्री अनिल कुमार दोहरे का जन्म 10 फरवरी, 1964 को अनौगी, जिला कन्नौज में हुआ था। उन्होंने स्नातकोत्तर एवं एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री अनिल कुमार दोहरे वर्ष 2007, 2012 व 2017 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर निर्वाचन क्षेत्र कन्नौज, जिला कन्नौज से विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री अनिल कुमार दोहरे विधान सभा की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों सम्बन्धी संयुक्त समिति के सभापति तथा विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वे समाजवादी पार्टी के आन्दोलन में जिला कारागार, फतेहगढ़ व कन्नौज में बन्दी रहे थे। कृषि कार्य तथा समाजसेवा में उनकी विशेष रुचि थी। श्री अनिल कुमार दोहरे के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री महावीर सिंह राणा का 16 अक्टूबर, 2023 को निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। श्री महावीर सिंह राणा का जन्म 22 सितम्बर, 1963 को मुरादनगर उर्फ जीवाला, जिला सहारनपुर में हुआ था। उन्होंने स्नातक, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री महावीर सिंह राणा वर्ष 2012 में निर्वाचन क्षेत्र बेहट, जिला सहारनपुर से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री महावीर सिंह राणा बी0एस0आर0 इण्टर कालेज तथा एच0एस0आर0 डिग्री कालेज, जीवाला के प्रबन्धक रहे थे तथा अनेक सामाजिक संस्थाओं व शिक्षण संस्थानों के सदस्य भी थे। समाज सेवा एवं विकास कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी। श्री महावीर सिंह राणा के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य श्री आशुतोष टण्डन एवं पूर्व सदस्यगण के निधन से आज पूरा सदन शोकाकुल है। माननीय मुख्य मंत्री, माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य सम्मानित दलीय नेताओं द्वारा जो शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं उनको मैं अपनी ओर

से तथा पूरे सदन की ओर से उनके परिवार को भेजूंगा। मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान करें तथा उनके शोक संतप्त परिवारों को इस गहन दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। अब हम दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये कुछ देर मौन रखेंगे।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने स्थान पर मौन खड़े हुए।)

श्री अध्यक्ष-

ओम शान्ति।

अब हम कल पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिये उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 52 मिनट पर अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक 28 नवम्बर, 2023 ई0

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 02 विधान सभा (05)-05-04-2024-76 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।